बैंक के बारे में

16.05 करोड़
ग्राहक

8,870
देशी शाखाएं

11,200+
चालू एटीएम

8,216
कारोबार प्रतिनिधि केंद्र

75,201
कर्मचारी

₹10,32,392 करोड़
वैश्विक जमा (31 मार्च, 2022)

₹7,16,408 करोड़
वैश्विक सकल अग्रिम (31 मार्च, 2022)

हम भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक हैं. बैंक की कुल शेयर पूंजी में 83.5% धारिता भारत सरकार की है. 1919 में स्थापित इस संस्था की हितधारकों को सेवा देने की पुरानी परंपरा है. हाल ही में, 1 अप्रैल, 2020 से आन्ध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक को हमारे बैंक के साथ समामेलित किया गया. विदेशों में भी हमारी 3 शाखाएँ हैं यथा हांगकांग, दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (यूएई) और (ऑस्ट्रेलिया); अबू धाबी में 1 प्रतिनिधि कार्यालय; लंदन (यू.के.) में 1 बैंकिंग सहायक अनुषंगी; और मलेशिया में 1 बैंकिंग संयुक्त उद्यम; 4 पैरा-बैंकिंग अनुषंगी (देशी); 2 अन्य संयुक्त उद्यम (जीवन बीमा कारोबार सहित)और 1 सहयोगी - चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक.

हमारा बैंक 100% कोर बैंकिंग सोल्यूशन लागू करने वाला देश का पहला बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है. बैंक ने प्रौद्योगिकी, डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, एमएसएमई और मानव संसाधन विकास में अपने कौशल के लिए कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं.

हमारी उत्पत्ति

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना 11 नवंबर, 1919 को हुई और इसका मुख्यालय मुंबई में है. इसकी स्थापना सेठ सीताराम पोद्दार ने की. मुंबई में बैंक के प्रधान कार्यालय भवन का उद्घाटन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने वर्ष 1921 में किया था और उन्होंने इस अवसर पर कहा:



"हमारे पास अपनी राष्ट्रीय गतिविधियों के निर्वाह के लिए करोड़ों रुपये का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने हेतु एक बड़े बैंक के संचालन की क्षमता होनी चाहिए. हालांकि हमारे बीच कई बैंक नहीं हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि हम करोड़ों और अरबों रुपये का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में सक्षम नहीं हैं."

- महात्मा गांधी (1921)

उनके दूरदर्शी शब्दों ने बाद के दशकों में हुए बैंक के विकास को चरितार्थ किया.

सेवाएं और समाधान

हम विभिन्न बैंकिंग उत्पाद और सेवाएं प्रदान करते हैं. बैंक चार वर्गों के माध्यम से संचालित होता है:

- ट्रेजरी परिचालन
- खुदरा बैंकिंग परिचालन
- कॉर्पोरेट और थोक बैंकिंग, तथा
- अन्य बैंकिंग परिचालन

बैंक बचत और चालू खाते ; सावधि और आवर्ती जमा और डीमैट और ऑनलाइन ट्रेडिंग खाते प्रदान करता है. यह आवास, वाहन, शिक्षा और व्यक्तिगत ऋण, संपत्ति पर ऋण और पेंशनभोगियों के लिए ऋण सहित खुदरा ऋण के साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए उत्पाद और ऋण भी प्रदान करता है. इसके अलावा, कंपनी म्यूचुअल फंड, जीवन, गैर-जीवन, स्वास्थ्य और सामान्य बीमा उत्पाद और कर बचत जमा सरकारी बचत योजनाएं, कर संग्रह सेवाएं, पेंशन उत्पाद और विभागीय मंत्रालयों के खाते; अल्पावधि, दीर्घावधि तथा कृषि/लघु उद्योग/तृतीयक क्षेत्रों के लिए अन्य ऋण और सुरक्षित जमा लॉकर तथा चेक संग्रहण सेवाएं प्रदान करती है.

साथ ही, बैंक कॉर्पोरेट ऋण प्रदान करता है जिसमें कोविड की आपातकालीन ऋण व्यवस्था, व्यापार वित्त, कार्यशील पूंजी, ऋण व्यवस्थाएं, परियोजना वित्त और चैनल वित्त; ऋण संरचना / पुनर्संरचना, ऋण समूहन, संरचित वित्त, विलय और अधिग्रहण सलाहकार और निजी इक्विटी सेवाएं; नकद प्रबंधन, ईसीजीसी कवर और विदेशी मुद्रा विनिमय सेवाएं, तथा व्युत्पन्नी; निर्यात और आयात वित्त सेवाएं; एनआरआई बैंकिंग सेवाएं और ट्रेजरी एवं अन्य उत्पाद तथा प्रेषण सेवाएं शामिल हैं. इसके अतिरिक्त, कंपनी ऐप, इंटरनेट, स्वयं सेवा, एटीएम और एसएमएस बैंकिंग सेवाएं; पॉइंट ऑफ़ सेल टर्मिनल और तत्काल भुगतान सेवाएं और कॉम्बो, डेबिट, क्रेडिट, उपहार, प्रीपेड और पेरोल कार्ड सेवाएं प्रदान करती है.